

**प्रत्येक व्यक्ति से क्षमा मांगता हूं: आर्चर**

आर्चर ने कहा, जो कुछ भी हुआ उसके लिए मुझे बेहद खेद है। मैंने स्वयं को ही नहीं बल्कि पूरी टीम और प्रबंधन को खतरे में डाला। मैं अपने इस कृत्य के नतीजों को स्वीकार करता हूं और मैं जैव सुरक्षित वातावरण में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति से क्षमा मांगता हूं।

## दूसरे टेस्ट से जोफ्रा आर्चर से बाहर, तोड़ा सुरक्षा प्रोटोकॉल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने कोरोना वायरस से बचने के लिए बनाए गए बायो–सिक्यॉरिटी नियम तोड़ने के चलते मैच से बाहर कर दिया गया है।उन्हें अब पांच दिन तक आइसोलेशन पर रहना होगा।

कोविड–19 महामारी के बावजूद यह सीरीज खेली जा रही है तथा साउथैम्पटन में पहले टेस्ट मैच किसी तरह की कोई घटना नहीं घटी थी। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर को टीम के जैव सुरक्षित वातावरण का उल्लंघन करने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच की टीम से बाहर कर दिया गया है। इसमें कहा गया है, आर्चर को अब पांच दिन तक पृथकवास पर रहना होगा और इस दौरान उनके कोविड–19 के लिए दो परीक्षण होंगे। इन दोनों के निगेटिव आने पर ही वह पृथकवास से बाहर निकल पाएंगे। आर्चर ने इस गलती के लिए माफी मांगी जिसके बारे में ईसीबी के बयान में विस्तार से नहीं बताया गया है।

# तेंडुलकर के डीआरएस पर दिए सुझाव से सहमत नहीं हैं आकाश

**क्रिकेट**

### 50 फीसदी गेंद के स्टंप को हिट करने वाले नियम से हटना चाहिए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हाल ही में दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर ने आईसीसी को डीआरएस पर डीआरएस डिसीजन में कुछ बदलाव करने की सलाह दी थी। सचिन का मानना था कि जब हम तकनीक को अपना रहे हैं तो फिर इसमें 50 फीसदी गेंद के स्टंप को हिट करने वाले नियम से हटना चाहिए। अगर कैमरा में दिख रहा है कि गेंद स्टंप को छू रही है तो फिर वह 50 फीसदी हो या 5 फीसदी कोई फर्क नहीं पड़ता। बल्लेबाज को आउट ही दिया जाना चाहिए। टीम इंडिया को पूर्व ओपनर आकाश चोपड़ा सचिन की इस बात से सहमत नहीं हैं।

सचिन ने टेनिस का उदाहरण देते हुए कहा था कि जब आप यहां कैमरे का इस्तेमाल करते हैं, तो सिर्फ इन ऐंड आउट (अंदर या बाहर) देखते हैं। फिर क्रिकेट में भी





आउट या नॉटआउट का फैसला होना चाहिए। इसमें अंपायर्स कॉल का कोई मतलब नहीं बनता। सचिन ने आईसीसी को यह सुझाव हाल ही में वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा से अपने 100एमबी ऐप पर ऑनलाइन चौट के दौरान दिया था।

सचिन की इस बात असहमती जताते हुए आकाश चोपड़ा ने कहा कि दूसरे खेलों में जैसे– टेनिस, फुटबॉल या बैडमिंटन में हम ब्लैक ऐंड वाइट करके अपनी आंखों से सही परिणाम देखते हैं कि या दो गेंद या शटल लाइन के अंदर आ रही है या फिर बाहर। लेकिन स्टॅ के दौरान गेंद पर पैड पर लगकर कहीं और निकल जाती है और पैड से स्टंप का अंदाजा ट्रैजेक्टरी पर लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह संभावनाओं पर आधारित होता है, जिसमें गेंद की स्विंग, स्पिन, उछाल, स्पीड आदी के आधार पर सही निर्णय के करीब पहुंचने की कोशिश की जाती है। ऐसे में अंपायर्स कॉल को हटाना सही नहीं है। आकाश चोपड़ा अपने यूट्यूब चौनल आकाशवाणी पर इस विषय पर बात कर रहे थे।

चोपड़ा ने कहा कि अगर हम इन तकनीक को डिवेलप करने वाली कंपनियों से भी बात करें, तो उनका कहना है कि वह 100 फीसदी सटीकता की बात नहीं करते। लेकिन उनका दावा है कि जब गेंद 50 फीसदी से ज्यादा स्टंप को छू रही होगी या मिस कर रही होगी तब यह बात निश्चित है कि छूने पर गेंद स्टंप पर निश्चित ही लगती और मिस करने पर निश्चित ही मिस करती। चोपड़ा ने कहा कि ऐसे में सचिन पा जी की सलाह को अपनाना मुश्किल है।

## बीसीसीआई आईपीएल और ट्रेनिंग कैंप को लेकर कर रहा है हर विकल्प पर विचार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इंडियन प्रीमियर लीग करवाने के सभी संभावित विकल्पों को तलाश रहा है। एक सूत्र ने बताया कि बोर्ड खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग कैंप आयोजित करवाने के लिए इसी हिसाब से कोई फैसला लेगा।

आईपीएल गर्वनिंग काउंसिल के एक सूत्र ने बताया, अभी तक कुछ तय नहीं हुआ है। हम परिस्थिति पर बहुत करीबी नजर रखे हुए हैं। हम आईपीएल के आयोजन को लेकर भी सभी पहलुओं पर विचार कर रहे हैं। हम सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। कुछ देशों ने आईपीएल




का आयोजन करवाने में दिलचस्पी दिखाई है। इसमें यूएई भी शामिल है। लेकिन फिलहाल हम इंतजार कर रहे हैं और हालात पर नजर बनाए हुए हैं। इस बारे में हम सरकार से भी बात करेंगे। हम देश और क्रिकेट के हित में जो भी बेस्ट होगा वह करेंगे।

जब खिलाड़ियों की ट्रेनिंग कैंप के बारे में पूछा गया तो सूत्र ने कहा, इस पर भी कोई फैसला नहीं लिया गया है और इस पर कोई फैसला इतनी आसानी से लिया भी नहीं जा सकता। जो भी चल रहा है वह सिर्फ मीडिया का आकलन है। हम फिलहाल यह देख रहे हैं कि आईपीएल का आयोजन कहां करवाया जाए और उसी हिसाब से खिलाड़ियों के लिए ट्रेनिंग कैंप का भी आयोजन करवाया जाएगा।

कोरोना वायरस महामारी के चलते दुनियाभर में खेल गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। आईपीएल 2020 को लेकर भी अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। इसकी शुरुआत 29 मार्च को होनी थी।

हालांकि धीरे–धीरे खेल शुरू हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की भी शुरुआत हो चुकी है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 8 जुलाई से टेस्ट सीरीज का आगाज हो चुका है। सीरीज का दूसरा मैच 16 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जा रहा है।

## कगिसो रबाडा और क्रिस मॉरिस 3टीसी सोलिडेरिटी कप में नहीं खेलेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीका के टॉप तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और ऑलराउंडर क्रिस मॉरिस 3टीमक्रिकेट सोलिडेरिटी कप में नहीं खेल पाएंगे। शनिवार को सेंचुरियन में होने वाले इस मुकाबले से देश में क्रिकेट की वापसी भी होगी। रबाडा को इस मैच में किंगफिशर्स की अगुवाई करनी थी लेकिन वह और मध्यम गति के गेंदबाज सिसांडा मगाला किसी पारिवारिक सदस्य की मौत के कारण इससे हट गए हैं।

ईसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार 33 वर्षीय मॉरिस सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इन तीनों खिलाड़ियों की जगह साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज मखाया एंटीनी के बेटे थांडो एंटीनी(किंगफिशर्स), ब्योन फोर्टिन (ईगल्स) और गेराल्ड कोएट्जी (किंगफिशर्स) को टीमों से जोड़ा गया है। रबाडा की अनुपस्थिति में हेनिरक क्लासेन किंगफिशर्स की अगुवाई करेंगे। एबी डिविलियर्स (ईगल्स) और क्विंटन डिकाक (काइट्स) अन्य कप्तान हैं। यह मुकाबला पहले 27 जून को होना था लेकिन कोविड–19 महामारी को देखते हुए इसे टाल दिया गया था।

## न्यूज डायरी





### एक कार्यक्रम में विदेशी स्टाफ को नहीं थी इजाजत, धोनी बोले रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी के सभी कायल रहे हैं। भारतीय टीम के पूर्व कोच गैरी क्रर्स्टन ने भी धोनी की लॉयलिटी को याद किया है। क्रर्स्टन ने साल 2011 के वर्ल्ड कप से पहले की एक खास घटना को याद किया है। क्रर्स्टन ने बताया कि धोनी ने एक फ्लाइट स्कूल जाने की टीम की योजना इस वजह से कैंसल कर दी थी क्योंकि क्लब ने कहा था कि टीम के कोचिंग स्टाफ में मौजूद क्रर्स्टन वहां नहीं आ सकते। क्लब ने इस कार्यक्रम से ठीक एक दिन पहले यह जानकारी दी थी और धोनी ने बिना देर किए पूरी टीम का यह दौरा रद्द कर दिया। क्रर्स्टन ने यूट्यूब पर आरके शो में कहा, मैं जितने लोगों से मिला हूं उनमें धोनी सबसे प्रभावी व्यक्तियों में शामिल हैं। वह एक महान कप्तान हैं। एक कप्तान के रूप में उनकी समझ शानदार थी लेकिन सबसे अच्छी बात यह थी वह ईमानदार थे।

### इंग्लैंड के प्रस्तावित दौरे के लिए मैक्सवेल और ख्वाजा संभावित टीम में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के प्रस्तावित सीमित ओवरों के दौरे के लिए गुरुवार को 26 सदस्यीय संभावित टीम का चयन किया, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल और उस्मान ख्वाजा जैसे खिलाड़ियों के अलवा ज्20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए कुछ नए चेहरे में भी शामिल किए गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने टीम की घोषणा करते हुए कोविड–19 महामारी के चलते अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की उसकी कवायदों के लिए इसे एक सकारात्मक कदम, हालांकि कोई निश्चित नहीं करार दिया है। इंग्लैंड अभी वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी भी हुई। सीए ने बयान में कहा, श्इस दौरे को लेकर अभी अंतिम फैसला किया जाना है तथा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड और संबंधित सरकारी एजेंसियों के बीच बातचीत चल रही है। सितंबर में होने वाले दौरे की पुष्टि होने के बाद ही अंतिम टीम का चयन किया जाएगा।

### हैपी बर्थडे धनराज पिल्लै, भारतीय हॉकी के कपिल देव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और महान खिलाड़ी धनराज पिल्लै का आज 52वां जन्मदिन है। महाराष्ट्र के पुणे जिले के खड़की जिले में आज ही के दिन 1968 में पिल्लै का जन्म हुआ था। उन्हें हॉकी का कपिल देव भी कहा जाता था। पिल्लै एक शानदार फॉरवर्ड थे। फुर्ती और विपक्षी टीम को छकाने की कला धनराज को खूब आती थी। उन्होंने भारत के लिए 339 मैच खेले और इनमें 170 गोल किए। धनराज भारतीय हॉकी की महान परंपरा के ध्वजवाहक रहे। धनराज पिल्लै कुल पांच भाई थे। परिवार की आर्थिक स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने लकड़ी के डंडों को हॉकी स्टिक बनाकर खेलना शुरू किया। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत 1989 की और 15 साल तक भारत का प्रतिनिधित्व किया। साल 2000 में उनके योगदान के लिए भारत सरकार ने 2000 में पद्मश्री से सम्मानित किया।

### पैसे की कमी नहीं, बल्कि रखरखाव के अधिक खर्चे के कारण बेच रही हूं: दुती चंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। स्टार फर्राटा धाविका दुती चंद ने बुधवार को कहा कि वह अपनी लग्जरी कार अपनी ट्रेनिंग के लिए पैसा जुटाने के इरादे से नहीं बल्कि इसलिए बेच रही हैं, क्योंकि इसके रखरखाव का खर्चा काफी अधिक है। इस तरह से इस धाविका ने कार को बेचने को लेकर हुए विवाद को खत्म करने की कोशिश की। कुछ दिन पहले दुती ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली थी कि वह रखरखाव के अधिक खर्चे के कारण अपनी बीएमडब्ल्यू कार बेचना चाहती हैं। इस पोस्ट को बाद में डिलीट कर दिया गया लेकिन खेल समुदाय ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी। पूर्व डेविस कप खिलाड़ी सोमदेव देववर्मन ने दुती का समर्थन किया जबकि अन्य ने कहा कि उन्हें केंद्रीय खेल मंत्रालय, ओडिशा सरकार और भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से समर्थन मिल रहा है।